भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1468
20 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में स्वास्थ्य परिचर्या शहरों का विकास

1468. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने भौगोलिक स्थानों को स्वास्थ्य उत्कृष्टता के केंद्रों के रूप में बढ़ावा देने के लिए विशेषीकृत स्वास्थ्य परिचर्या शहर तैयार किए हैं और क्या सरकार इसी तरह की कोई नीति लाने का इरादा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार शहर स्तरीय निकायों को अपने शहरों में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करने का इरादा रखती है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय देश में चिकित्सा मूल्य यात्रा को बढ़ावा देने के लिए अन्य मंत्रालयों और हितधारकों के साथ समन्वय कर रहा है। इस क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने के लिए संबंधित मंत्रालयों, अस्पतालों, एमवीटी फैसिलिटेटर्स, बीमा कंपनियों और एनएबीएच आदि के साथ हितधारक परामर्श के कई दौर आयोजित किए गए हैं।

चिकित्सा मूल्य यात्रा को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, नागरिक विमानन जैसे अन्य मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित हितधारकों के समन्वय में एक संस्थागत दृष्टिकोण अपनाया गया है।

कुछ देश हैं जिनमें आधुनिक और साथ ही पारंपरिक चिकित्सा में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। इसी तरह, एमवीटी को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित अस्पतालों (आधुनिक चिकित्सा और आयुष), हवाई अड्डों, वीजा व्यवस्था आदि को मजबूत करने और बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई की गयी है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में चिकित्सा मूल्य यात्रा को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा और कल्याण पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप भी तैयार किया है।

*****